स्वामित्व : अपेम पेट्रॉन टीम

Reg. No. :- JH-11-0004329

अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

सच का साथी

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक डिजिटल अखबार खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी दिनांक 13-10- 2021 अंक 27

प्रकाशन वर्ष : 2021 बरही से प्रकाशित एवं संचालित संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941

बरही | चौपारण | बरकट्ठा | कोडरमा | इचाक | चंदवारा | विजैया | चतरा | हजारीबाग | पदमा / चलकुशा | राज्य / देश

न्यूज ब्रीफ

विषपान से युवती गंभीर किया गया रेफर

अपेम लाइव : बरही

पदमा प्रखंड अंतर्गत सुज्जी निवासी कृति कुमारी पिता संजय भुइयाँ दैनिक दवा के जगह गलती से सल्फास गोली खा ली। जिससे युवती गंभीर हो गई। तत्काल परिजनों ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार कर हज़ारीबाग़ सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार महिला घायल, रेफर

अपेम लाइव : बरही

बरकट्ठा प्रखंड़ के बर्मा निवासी 30 वर्षीय ललिता देवी पति भोला ठाकुर सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। प्राप्त जनकरी के अनुसार ललीता देवी अपने पति के साथ चौपारण से अपना गांव वापस लौट रही थी। इसी क्रम श्रीनगर के पास एक अज्ञात वाहन ने उसे अपने चपेट में लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में उनके परिजनों ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भतह्व कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

दुर्गापूजा त्योहार को लेकर जिला प्रशासन की अनोखी पहल, कोविड-19 प्रोटोकोल के अनुरूप पूजा संपन्न कराने वाले पूजा समितियों को प्रशासन करेगी सम्मानित

स्वतंत्र एजेंसी के द्वारा कराया जा रहा है पूजा पंडालों का सर्वे,दी जा रही है मार्किंग

अपेम लाइव : हजारीबाग

कोरोना काल में संक्रमण के प्रसार को कम करने के लिए सरकार द्वारा पूजा समितियों व श्रद्धालुओं के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए है। जिनका अनुपालन करना सभी के लिए नितांत आवश्यक है। दुर्गापूजा को लेकर पूजा समितियों द्वारा दिशानिर्देशों के अनुपालन को लेकर जिला प्रशासन ने अनोखी पहल की है उपायुक्त आदित्य कुमार आनंद के निर्देशानुसार सरकार द्वारा जारी कोविड प्रोटोकोल के अनुरूप पूजा संपन्न कराने वाले पूजा समितियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है इस सम्बंध में जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा मायकिंग, बैनर, पोस्टर, लीफलेट, एलईडी स्क्रीन एवं सोशल मीडिया द्वारा वृहत्त प्रचार प्रसार किया जा रहा है। वहीँ कोविड प्रोटोकोल के अनुरूप पूजा संपन्न कराने वाले नगर निगम क्षेत्र के पूजा पंडालों में स्वतंत्र एजेंसी द्वारा सर्वेक्षण का कार्य भी किया जा रहा है, यह स्वतंत्र एजेंसी विभिन्न पूजा पंडालों में भ्रमण कर तत्संबंधी दिशानिर्देशों के बिंदुओं का आकलन कर मार्क निर्धारित करेगी तथा उस मार्किंग सीट को जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएगी, ताकि जिला प्रशासन इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले समितियों को सम्मानित करने का निर्णय ले सके । सनद रहे सरकार द्वारा पूजा समितियों को लेकर जारी दिशा-निर्देशों की प्रति होर्डिंग/बैनर जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा सभी प्रखंडों के पूजा पंडालों में अधिष्ठापित कर दिया गया है। बरही में भी प्रशासन की अपील का असर भी पूजा पंडालों में दिख रहा है। कोविड गाइड लाइन का पालन किया जा रहा है। सरकार के दिशा निर्देश के आलोक में भी पूजा अर्चना कराई जा रही है। पूजा समितियों के द्वारा इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बरही एसडीओ पूनम कुजूर एवं एसडीपीओ नाजीर अख्तर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, थाना प्रभारी नीरज सिंह खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं



दुर्गा पूजा-2021

के मद्देनजर कोविड-19 प्रोटोकॉल के तहत् आयोजकों एवं श्रद्धालुओं के लिए सरकारी गाईडलाइन एवं दिशा निर्देश

श्री हेमंत सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

आज़ादी का अमृत महोत्सव

पूजा समितियों के लिए गाइडलाइन

1. व्यक्तिगत अथवा सार्वजनिक तौर पर पूजा की अनुमति प्रदत्त है बशर्तें पूजा-पाठ समिति भागीदारी व पारंपरिक रूप से संपन्न किया जाए।
2. पूजा पंडाल का आकार छोटा एवं प्रतिमा की ऊँचाई 5 फीट से कम हो।
3. पूजा पंडाल की संरचना ऐसी हो जिसमें प्रतिमा का दर्शन बाहर से न हो पाए।
4. मंडप स्थल पर अधिकतम 15 लोग ही पूजा/अनुष्ठान संपन्न करेंगे Fully Vaccinated व्यक्ति ही पूजा में शामिल रहें।
5. पूजा पंडाल में लाइटिंग का प्रयोग, भोग वितरण-समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आमंत्रण पत्र, उद्घाटन कार्यक्रम जैसे भीड़ इकट्ठा करने वाले आयोजन नहीं होगें।
6. पूजा पंडाल के आस-पास किसी भी तरह का लाउडस्पीकर, फुड स्टॉल, मेला आदि लगाने पर पाबंदी रहेगी।
7. मूर्ति विर्सजन का कार्यक्रम सादगीपूर्ण व प्रशासनिक दिशा-निर्देशों के अनुसार होगा।
8. रावन दहन कार्यक्रम का आयोजन नहीं होगा।
9. कॉटेनमेन्ट जोन में पूजा पंडाल की अनुमति नहीं होगी।
10. सुरक्षात्मक उपायों के तहत् अग्निशामक, विद्युत भवन विभाग से NOC सर्टिफिकेट लेना एवं सी.सी.टी.वी से निगरानी भीड़-भाड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग,पार्किंग, Volunteer आदि की व्यवस्था आयोजकों को करनी होगी।

कोविड संक्रमण के रोकथाम संबंधी आमजनों को सलाह/अपील

1. सामाजिक दूरी का अनुपालन एवं मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें।
2. एक दूसरे से बात करते वक्त कम से कम से दो गज़ की दूरी अवश्य रखें और मास्क पहनें रहें।
3. व्यक्तिगत स्वच्छता यथा सेनेटाइजर का प्रयोग, समय-समय पर साबुन से हाथ धोते रहें साथ ही आसपास साफ-सफाई रखें एवं यत्र-तत्र न थुकें।
4. सुगम यातायात व्यवस्था के लिए वाहनों का कम से कम उपयोग करें एवं निर्धारित स्थल पर ही वाहनों को पार्किंग करें।
5. पंडाल भ्रमण के दौरान छोटे बच्चों के पॉकेट में अभिभावक का नाम, पता मोबाईल संख्या लिखित पुर्जा अवश्य रखें।
6. गहनें, जेवरात एवं कीमती सामानों आदि के प्रयोग से परहेज करें।
7. संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना नजदीकी पुलिस कर्मी/पदाधिकारी को दें। साथ ही किसी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान न दें।
8. आपात स्थिति में सहायता के लिए कंट्रोल रूम दूरभाष संख्या - 8002529349 या टॉल फ्री नम्बर - 100 पर डायल करें।

उपरोक्त निर्देशों के उल्लंघन पर आपदा प्रबंधन अधिनियम - 2005 की धारा 51-60 एवं आईपीसी (IPC) की धारा-188 व अन्य विधि संगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन, जनसंपर्क हजारीबाग द्वारा जनहित में जारी....

अपेम एजूकेशन विंग

कैसे सुधरेगी झारखंड में शिक्षण व्यवस्था, जानिए एक शिक्षिका की कलम से...

उषा रानी, मवि बेंदगी

अपेम लाइवः बरही

शिक्षा सुधार में अभिभावकों की भूमिका सकारात्मक होनी चाहिएः उषा रानी

कोरोना के कारण झारखंड के सभी कोटी के विद्यालय चाहे सरकारी हो या निजी लगभग डेढ़ साल तक बंद रहे। जिसके कारण इसका व्यापक एवं प्रतिकूल प्रभाव बच्चों पर पड़ा । सरकार ने कोरोनाकाल में बच्चों की शिक्षा बाधित ना हो इसके लिए ऑनलाइन शिक्षा की व्यवस्था की। सरकारी विद्यालयों में ऑनलाइन के तहत डीजी साथ एप सहित कई तरह के ऑनलाइन प्लेटफ०र्म के माध्यम से बच्चों तक शिक्षा मुहैया कराने का भरपूर प्रयास किया गया । लेकिन ऑनलाइन शिक्षा का लाभ सरकारी विद्यालय के बच्चों को कितना मिला यह किसी से छुपी भी नहीं है। कोरोनाकाल में सरकारी स्कूली बच्चों के पास स्मार्ट मोबाइल की कमी देखी गई। वही कुछ बच्चों के पास स्मार्ट मोबाइल था भी तो अभिभावक अपने बच्चों को मोबाइल देने में हिचक महसूस कर रहे थे । जिसका परिणाम यह हुआ कि लगभग 30 प्रतिशत बच्चे ही ऑनलाइन शिक्षा से जुड़ पाए । जबकि अभिभावकों को भी इसमें सकारात्मक रूख अपनानी चाहिए थी। ऐसा प्रायोगिक तरीके से देखा गया की ऑनलाइन शिक्षा के प्रति अभिभावकों में रुचि नहीं देखी गई । जिसके परिणाम स्वरूप बच्चे अ०नलाइन शिक्षा से वंचित रहे। जबकि अभिभावकों को इस बात की समझ होनी चाहिए थी जब सरकार ऑनलाइन शिक्षा के तहत बच्चों को शैक्षणिक व्यवस्था मुहैया कराने के लिए काफी खर्च कर रही है। ऐसे में अभिभावकों के द्वारा रुचि नही लेने एवं स्मार्ट मोबाइल से बच्चों को दूर रखने के वजह से कोरोनाकाल में बच्चों को पूरी तरह से शिक्षा उपलब्ध नही हो पाया। इसलिए सक्षम अभिभावकों को चाहिए कि निकट भविष्य में यदि पुनः ऐसी नौबत आती है तो अपने बच्चों के लिए स्मार्ट फोन की व्यवस्था करें। वही गरीब बच्चों के लिए सरकार की ओर से मोबाइल की व्यवस्था होनी चाहिए।

दुर्गा पूजा एवं दीपावली के शुभ अवसर पर
बजाज की पेशकश
जय श्री अम्बे माता
DIGITAL
LOAN CUM
EXCHANGE MELA
THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN
खरीदें बजाज मोटरसाईकिल एवं
स्क्रेच करें और पाएँ आकर्षक उपहार
Festival Dhamaka
स्क्रेच करें
और सुनिश्चित
उपहार पायें
LED TV
HELMET
SCRATCH HERE
IRON
FREEZE
WASHING MACHINE
Cash Discount- 300/-
BAJAJ

SHAURYA AUTOMOBILES
Barhi Chowk, Near DVC Konra, Dhanbad Road, Barhi, Hazaribag
Mob.- 7061182890, 7079856924

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोन पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

चौपारण की बेटी निशा यादव 86 प्रतिशत अंक लाकर बनी यूनिवर्सिटी टॉपर

अपेम लाइव:चौपारण



निशा यादव

विनोवा भावे यूनिवर्सिटी हजारीबाग सत्र 2018 - 21 का परीक्षा परिणाम घोषित होते हुए चौपारण प्रखण्ड के लिए खुशी का लहर है। जगदीशपुर पंचायत के केंदुआ निवासी बीएसएफ जवान लालजीत यादव की पुत्री निशा यादव ने बॉटनी संकाय में 85.6: अंक लेकर टॉपर बन अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया। निशा यादव का प्रारंभिक पढ़ाई सुरेखा पब्लिक स्कूल बहेरा व उच्च शिक्षा मेरु स्थित आर्मी स्कूल से पढ़ाई किया। सत कोलंबस महविद्यालय हजारीबाग से बॉटनी संकाय में नामांकन करवाई। सुरेखा स्कूल की प्राचार्या रीना पांडेय ने बताया कि निशा शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। इधर सफलता से उत्साहित निशा यादव ने अपनी सफलता का श्रेय दादा स्वर्गीय बेनी यादव, दादी स्वर्गीय जिरिया देवी के आशीर्वाद व पिता बेनी यादव, माता माधुरी देवी एवम शिक्षको के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। निशा बड़ी होकर आईएएस ऑफिसर बन देश सेवा करना चाहती है। निशा के सफलता पर जगदीशपुर पंचायत मुखिया बबिता देवी, मंडल अध्यक्ष सुरेश साव, भाजपा नेता मनोज सिंह, प्रेम यादव, सहित कई लोगों ने बधाई दिया।

ग्रामीण स्तर पर निशुल्क कानूनी जानकारी प्रदान करना डीएलएसए का बेहतर पहल : मो कयूम

विजैया में निशुल्क विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन, दी गई कानूनी जानकारी

अपेम लाइवः बरही
सोनु पंडित / धनंजय कुमार

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारी
आज़ादी का अमृत महोत्सव
विधिक सेवा- जागरूकता
स्थान -
नांक -
OPPO Reno3 Pro 4G
2021/10/13 13:12

विधिक जागरूकता शिविर में मौजूद लोग

जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिविल कोर्ट हजारीबाग के निर्देश के आलोक में बरही के पीएलवी पंकज कुमार एवं पैनल लॉयर वासुदेव राणा के नेतृत्व में बिजैया के पंचायत सचिवालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता बिजैया पंचायत के मुखिया दशरथ यादव ने किया । वही कार्यक्रम जीप प्रतिनिधि मोहम्मद कयूम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में पीएलवी पंकज कुमार एवं पैनल लॉयर वासुदेव राणा के द्वारा निशुल्क कानूनी जानकारी दी गई । इसके साथ ही इनके द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से दी जाने वाली निशुल्क कानूनी सुविधाओं के बारे में बताया गया। मौके पर जीप प्रतिनिधि मोहम्मद कयूम की ओर से पीएलवी एवं पैनल ल०यर को दो ग्रामीण मांग पत्र से संबंधित पीटिशन सुपुर्द किए गए । इनमें एक सीता मोसमात पति परमेश्वर सिंह के लिए आवास एवं दूसरा सोना पंडित के असाध्य बीमारी के लिए आर्थिक सहायता एवं राशन कार्ड मुहैया कराने की मांग शामिल था । इस अवसर पर जीप प्रतिनिधि मो कयूम में कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से ग्रामीण स्तर पर शिविर लगाकर निशुल्क कानूनी जानकारी देना एक बेहतर पहल है । इससे ग्रामीण इलाके में रहने वाले लोग भी कानूनी जानकारी से रूबरू हो पाएंगे ।इस तरह का कार्यक्रम हर गांव एवं मोहल्ले में किया जाना चाहिए । इससे लोगों के बीच कानून के प्रति सम्मान बढ़ता है। साथ ही लोग अपने अधिकार के प्रति जागरुक हो पाएंगे। मौके पर पैनल अधिवक्ता बासुदेव राणा, पंकज कुमार, नरेश प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि देवलाल कुशवाहा, उप मुखिया सहदेव शर्मा, बैजनाथ यादव, सुरेश यादव , चंद्रिका प्रसाद, बबिता देवी, विद्या देवी, सोभा देवी ,परमेश्वर पंडित, विनोद राणा, मो0 सलामत, सुरेश कुशवाहा आदि लोग मौजूद थे।

सामाजिक समरसता एवं भाईचारगी का गुलदस्ता है कांग्रेस पार्टी : शहजादा अनवर

बरही चौक पर हुआ कार्यकारी अध्यक्ष का स्वागत

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित / धनंजय कुमार

OPPO A12 · ©Press: Barhi Live
2021/10/13 09:19

शहजादा अनवर का स्वागत करते कांग्रेसी

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर का बुधवार को बरही चौक पर प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा के नेतृत्व में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर फोनी अख्तर के सुपुर्द ए खाक कार्यक्रम में शामिल होने चौपारण जाने के क्रम में बरही चौक पर रुके थे । इस अवसर पर बरही कांग्रेस कमेटी एवं जिला के पदाधिकारियों ने माला पहनाकर एवं बुके देकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संगठन का विस्तार एवं मजबूती पर बल देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में हर धर्म, सम्प्रदाय, जाति ,पंथ का सामान रूप से सम्मान दिया जाता है। यूं कहे सामाजिक समरसता एवं भाईचारगी का गुलदस्ता है कांग्रेस पार्टी। स्वागत करने वालों में जिला महासचिव सह विधानसभा विधायक प्रतिनिधि बिनोद यादव, जिला महासचिव सह बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, मो0 रुस्तम, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव , मीडिया प्रभारी मो0 तौकीर रजा, अशोक सिंह, हरि गुप्ता, सुनील चन्द्रवंशी, सुनील कुमार, मो0 असलम उर्फ पप्पू, मो0 रिजवान अली, शशि जयसवाल, जियाउद्दीन, मो0 निजामुद्दीन, गुड्डू निषाद, गुलाम सरवर, मो0 सरताज , मो0 अल्ताफ, मो0 जहाँगीर, मो0 इरशाद , रवि सिंह, जियाउल हक, मो0 असलम, संतोष कुमार, प्रमोद सिंह, मो0 तस्लीम, मो0 समीम , मो कलीम सहित कई लोग शामिल थे।

सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम में जनकल्याण समिति की भूमिका सराहनीय : मो कयूम

करियातपुर पूजा पंडाल पहुंचकर पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए जीप प्रतिनिधि मो कयूम

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित / धनंजय कुमार

OPPO Reno3 Pro 4G
2021/10/13 16:34

पूजा कार्यक्रम में शामिल होते मो कयूम

करियातपुर में नवरात्र पूजा श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाई जा रही है। नवरात्र में पूरी आस्था रखने वाले जीप प्रतिनिधि मो कयूम बुधवार को करियातपुर पूजा कार्यक्रम में शामिल होकर माता दुर्गा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। पूजा कार्यक्रम में शामिल होकर बरही पूर्वी भाग सहित सम्पूर्ण देश वासियों की सुख समृद्धि के लिए माता से कामना एवं विनती की। कार्यक्रम की पूरी देख रेख जन कल्याण समिती के द्वारा की जा रही है।। जनकल्याण समिति की सदस्यों की समर्पण को देखते हुए मो कयूम ने कहा कि सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में जिस तरह की भागीदारी जनकल्याण समिति की रहती है, सचमुच काबिले तारीफ है। मौके पर उपस्थित लोगों ने पूजा कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। मौके पर पुजारी डोमन पांडेय, संतोष प्रजापति, चन्दन केशरी सहित जनकल्याण समिति एवं पूजा समिति के लोग मौजूद थे।

दुर्गापूजा एवं जस्ने-ईद-मिलादुन नबी के मौके पर बरही पूर्वी के जिला परिषद के भावी उम्मीदवार मो0 मेहताब आलम के तरफ से आप सभी क्षेत्र वासियो को हार्दिक शुभकामनाएं व मुबारकबाद ।
मो0 मेहताब आलम, जिप प्रत्याशी
आप सबो से अपील है कि कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए त्योहार को मनाएं । आप सभी की मनोकामनाएं पूरी हो ।
निवेदकः बरही पूर्वी भाग की जनता

समस्त बरही वासियों को भावी मुखिया प्रत्याशी हसबुन निशा एवं वरिष्ठ समाजिक कार्यकर्ता रिजवान अली की ओर से पावन पर्व दुर्गा पूजा बारह-रबि-उल अव्वल शरीफ, दीपावली एवं पवित्र महापर्व छठ पूजा
की हार्दिक बधाई एवं मुबारकबाद।
कोनरा पंचायत के विकास एवं हरियाली के लिए हमेशा आप के साथ।
हसबुन निशा
कोनरा पंचायत के शिक्षित एवं भावी मुखिया प्रत्याशी
Mob.- 7488763386, 6205817608
रिजवान अली
वरिष्ठ समाजिक कार्यकर्ता

नवरात्रि दुर्गा पुजा, दशहरा, दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ
Happy Diwali
जितेन्द्र कुमार दिव्य (उर्फ जीतु ठाकुर)
मुखिया उम्मीदवार
बरही पश्चमी पंचायत
बरही
निवेदक-
रिंकी देवी
पुर्व प्रत्याशी, पंचायत समिति सदस्य
बरही पश्चमी पंचायत
बरही
निवेदक-
स्व0. बलदेव ठाकुर विद्यार्थी
पुर्व प्रत्याशी पंचायत समिति सदस्य
बरही पश्चमी पंचायत
बरही

अपनी खबरें अपेम लाइव न्युज मे प्रकाशित करने के लिए संपर्क करें
9122222016, 9550809864, 9431129570

कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प
1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
5. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
6. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
7. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी सद्भाव एवं भाईचारगी कायम रखना,
इस बार कोनरा की जनता ने ठाना है, समाजसेविका सैरा खातून को मुखिया बनाना है।
महिला सशिक्तकरण एवं महिलाओं के शोषण के खिलाफ अब आवाज होगा बुलंद।
सैरा खातून, मुखिया प्रत्याशी, कोनरा पंचायत
आपका समर्थन, कोनरा का विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।
निवेदिका :- कैशर प्रवीण

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

दिनांकः 13-10-2021

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

यश,बल,धन के साथ भाग्योदय के लिए करें माँ सिद्धिदात्री की पूजा :– ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा

अपेम लाइव : इटखोरी

ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा

शारदीय नवरात्र का आज अंतिम दिन है और इस दिन मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा और अर्चाना का विधान है। जैसा कि इनके नाम से स्पष्ट हो रहा है कि मां सभी प्रकार की सिद्धी और मोक्ष को देने वाली हैं। मां सिद्धिदात्री की पूजा देव, यक्ष, किन्नर, दानव, ऋषि–मुनि, साधक और गृहस्थ आश्रम में जीवनयापन करने वाले पूजा करते हैं। नवरात्र के अंतिम दिन मां की पूजा पूरे विधि विधान के साथ करने वाले उपासक की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। साथ ही यश, बल और धन की भी प्राप्ति होती है **मां सिद्धिदात्री के पास हैं ये आठ सिद्धियां**:–मां सिद्धिदात्री के पास अणिमा, महिमा, प्राप्ति, प्रकाम्य, गरिमा, लघिमा, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां हैं। ये आठों सिद्धियां मां की पूजा और कृपा से प्राप्त की जा सकती हैं। मान्यता है कि सभी देवी–देवताओं को मां से ही सिद्धियों की प्राप्ति हुई हैं। हनुमान चालिसा में इन्हीं आठ सिद्धियों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि 'अष्टसिद्धि नव निधि के दाता, अस वर दीन्ह जानकी माता । वहीं **ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा** बताते हैं कि भगवान शिव ने भी इन्ही देवी की कठिन तपस्या कर इनसे आठों सिद्धियों को प्राप्त किया था। साथ ही मां सिद्धिदात्री की कृपा से महादेव का आधा शरीर देवी की हो गई थी और वह अर्धनारीश्वर कहलाए। नवरात्र के नौवें दिन इनकी पूजा के बाद ही नवरात्र का समापन माना जाता है। नवें दिन सिद्धिदात्री की पूजा करने के लिए नवाहन का प्रसाद और नवरस युक्त भोजन और नौ प्रकार के फल फूल आदि का अर्पण करके नवरात्र का समापन करना चाहिए।**देवी भागवत पुराण के अनुसार,** महालक्ष्मी की तरह मां सिद्धिदात्री कमल पर विराजमान रहती हैं और इनके चार हाथ हैं। जिनमें वह शंख, गदा, कमल का फूल तथा चक्र धारण किए रहती हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से अपने भक्तों को सम्मोहित करती हैं। **दुर्गासप्तशती के नवें अध्याय** के साथ मां सिद्धिदात्री की पूजन करना चाहिए। इस दिन मौसमी फल, हलवा–चना, पूड़ी, खीर और नारियल का भोग लगाया जाता है। साथ ही नवरात्र के अंतिम दिन उनके वाहन, हथियार, योगनियों और अन्य देवी–देवताओं के नाम से हवन–पूजन करना चाहिए, इससे मां प्रसन्न होती हैं और भाग्य का उदय भी होता है। बैंगन या जामुनी रंग पहनना शुभ रहता है। यह रंग अध्यात्म का प्रतीक होता है। माँ सिद्धिदात्री की पूजा के बाद कुंवारी कन्याओं का घर बुलाकर उनके पैर धोकर आशीर्वाद लेना चाहिए और फिर मंत्र द्वारा पंचोपचार पूजन करना चाहिए। इसके बाद सभी कन्याओं को हलवा–पूरी, चने और सब्जी दें। भोजन कराने के बाद उनका लाल चुनरी उड़ाएं और फिर रोली–तिलक लगाकर कलावा बांधें। फिर समार्थ्यनुसार कोई भेंट व दक्षिणा देकर चरण स्पर्श करते हुए विदा करना चाहिए। जो भक्त कन्या पूजन कर नवरात्र के व्रत का समापन करता है, उसे धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

अपेम लाइवः चलकुशा
विक्रम सिंह

मैच का उद्घाटन करते विधायक अमित यादव

चलकुशा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चौबे में प्रिंस क्लब के द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया । क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने फीता काटकर किया। श्री यादव ने कहा खेल समाज मे बेहतर समन्वय स्थापित करने में अहम भूमिका अदा करता है। आयोजन कमिटी को धन्यवाद करते हुए कहा ऐसे सुदूरवर्ती इलाको में इस प्रकार के आयोजन से खिलाड़ियों का प्रतिभा का अवलोकन होता है। जिससे खेल के क्षेत्र में कैरियर तलास रहे युवाओं को काफी मदद मिलती है।इस दौरान चलकुशा प्रखंड के विभिन्न गांव के दुर्गा पूजा पंडालों दौरा किया मां दुर्गा से क्षेत्र के लोगों के लिए शुभकामनाएं मांगा । मौके पर, सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया प्रतिनिधि सुबोध चौधरी, उप प्रमुख दुर्गा यादव, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विजय चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साव, महबूब अंसारी, समाजसेवी मथुरा यादव, दुर्गा यादव, सीतारमण पंडित, राजेश कुमार ,अमित पांडेय, बुलाकी रविदास, राजेश रविदास, भोला रविदास, जागेश्वर साव, इत्यादि लोग उपस्थित थे,।

मनीषा कुमारी इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफल

अपेम लाइव : बरकट्ठा
सुनील कुमार

मनीषा कुमारी

बरकट्ठा : प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बुढ़िया डीह की छात्रा मनीषा कुमारी ,पिता अशोक यादव ने इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता पाकर अपने ग्राम एवं विद्यालय ,उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुढ़ियाडीह बरकट्ठा का नाम रोशन किया है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 5 सितंबर को हुआ था। मनीषा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक कार्तिक पासवान को दी है ।इस संबंध में छात्रा के पिता अशोक यादव ने बताया कि मेरी बेटी की परीक्षा की तैयारी घर पर ही हुई थी ।बच्चों के पढ़ाई को लेकर मैं शुरू से ही गंभीर रहा हूं। छात्रा की सफलता पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत प्रखंड के तमाम शिक्षकों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है।

आज का पंचाड्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः---14.10.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन सौम्यगोलेरू
ऋतुः---शरद
माहः---अश्विन
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---नवमी तिथि
दिनः---गुरुवार
नक्षत्रः---उ.षा.नक्षत्र दिन 01:34 मिनट तक उपरांत श्रवण नक्षत्र
योगः---सुकर्मा
करणः---वा
सूर्योदय :---प्रातः 06:15
सूर्यास्त : संध्या 05:45
सूर्य :---कन्या राशि में
चंद्रमा : राशि में
आज का राहूकाल दिनः---01::30 बजे से दिनः---03:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक

(नोट :- कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नहीं करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासरू---आज से नवरात्र का नवम दिन है आज माँ सिद्धिदात्री की पूजा होगी।

आलेखः---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

महाष्टमी में उमड़े श्रद्धालुओं की भीड़, किया जा रहा कोरोना गाइडलाइंस का पालन

अपेम लाइव : बरकट्ठा
सुनील कुमार

मॉ दुर्गा की शोभा बढाता पुजा पंडाल

प्रखंड भर के सभी दुर्गा मंडपों में महाअष्टमी व्रत के दिन श्रद्धालुओं ने मां की पूजा अपने पूरे परिवार के सुख समृद्धि, धन वैभव, यश कृति, पति , संतान की दीर्घायु , स्वस्थ रखने की मंगलकामना को लेकर महागौरी की पूजा विधि विधान से किये। इस अवसर पर दुर्गा मंडपों के बाहर व्रतियों खड़े होकर पुजा के लिए प्रतिक्षा करते नजर आए, श्रद्धालू कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए दुर्गा मंडप में एक साथ दस–प्रंदह लोगों को ही पुजा करवाया जा रहा था ।इस मौके पर बरकट्ठा दुर्गा मन्दिर में पुजा समिति के लोगों द्वारा विशेष व्यवस्था की गई थी ,जिसमें श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई विध्न न हो और कोरोना गाइडलाइन का पालन भी हो सकें ।वही व्रतियों के मां के प्रति अटूट आस्था, श्रद्धा, विश्वास की प्रकाष्ठा देखते बन रही थी ।बरकट्ठा में इस बार पूजा का नेतृत्व वपूजा समिति अध्यक्ष रामखेलावन यादव, उपाध्यक्ष अशोक नायक, सचिव शंकरलाल, कोषाध्यक्ष महादेव नायक, शोभा समिति अध्यक्ष महेश मंडल, सचिव सरयू साव, कोषाध्यक्ष विनोद साव, मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष इंद्रजीत प्रसाद, दामोदर गुप्ता, नंदकिशोर जी, सुकर नायक, श्रीकांत पांडेय, पीतांबर नायक, , महेंद्र कसेरा ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। **प्रखंड में कहां कहां पर होती है दुर्गा पूजा** : बरकट्ठा प्रखण्ड के दुर्गा मंदिर बरकट्ठा, दुर्गा मंदिर बंडासिंघा, दुर्गा मंदिर बेलकपी, दुर्गा मंदिर शिलाडीह, दुर्गा मंदिर गोरहर, दुर्गा मंदिर घँग़री, दुर्गा मंदिर बरवां, सलैया, गयपहाड़ी, गंगपाचो, कपका, मासीपीरी, समेत अन्य मंडपो में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया जाता है।

हजारीबाग सदर विधायक का जनता से विशेष अपील

हाथियों से लड़ने की कोशिश ना करें, बल्कि उससे बचने की कोशिश करें

अपेम लाइवःहजारीबाग

सदर विधायक मनीष जायसवाल

हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने हजारीबाग के हाथी प्रभावित इलाके के लोगों से विशेष अपील करते हुए कहा कि हाथियों से लड़ने की कोशिश ना करें, बल्कि उनसे बचने की कोशिश करें। सिकुड़ते जंगलों और इंसानों के लगातार बढ़ते दखल के कारण हाथी भी वर्तमान समय में अपनी राह में रोड़ा बनता देख अपने व्यवहार और सामाजिक जीवन में बदलाव ला रहे हैं। कल तक जो घने जंगल हुआ करते थे वहां आज इंसानी बस्तियों ने अपनी अधिकार जमा ली है। हाथी आज कोई नई राह पर नहीं आ रहे हैं बल्कि पूर्वजों से उनका यह राह रहा है और इस राह पर वन विभाग को भी हाथियों के संरक्षण हेतु विशेष पहल करने की आवश्यकता है। अपने दल से बिछुड़े एक हाथी ने मतवाला और उग्र रूप अख्तियार कर लिया है और सदर विधानसभा क्षेत्र के 5 निर्दोष लोगों को उसने अपने गुस्से का शिकार बनाते हुए कुचल कर मार डाला। उन्होंने कहा की ऐसे में इससे संयमित तरीके से हमें बचने का उपाय प्रयास करना चाहिए। विधायक मनीष जायसवाल ने यह भी कहा की इस समय हमें जागरूक होना और दूसरों को भी जागरूक करना बेहद ज़रूरी हैं ।

प्रो० शिव कुमार
916275920
शिव ऑप्टिकल हाऊस
कम्प्यूटर मशीन द्वारा आंखो का जांच
हमारे यहां कम्प्यूटर मशीन द्वारा आंखो को जांच कर चश्मा बनाया जाता है।
धनवाद रोड, बरही, पेट्रोल पम्प के सामने (जामा मस्जिद के सामने)

A UNITE OF APEM TRUST
PRESENTS
RAJ ARYAN
DANCE ACADEMY
FITNESS | BOLLYWOOD | FREESTYLE | HIP-HOP DANCE
MUSIC & SINGING ETC...
ADDRESS - DR.ANIL KUMAR NURSING HOME
BESIDE 2ND FLOOR NEW COLONY BARHI JH.
FOR ENQUIRIES - 6203686926, 9304294424

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

विजय दशमी पर हर सनातन धर्मावलंबियों को शस्त्र पूजन करनी चाहिए : मनोज राणा

अपेम लाइव : बरही
बिरेंद्र कुमार

शस्त्र पूजन (फाइल फोटो)

विजय दशमी पर हर हिंदू सनातन धर्म से जुड़े लोगों को शस्त्र पूजा करनी है। इसके पीछे का क्या उदेश्य है जानिए :- :

:.1. शस्त्र निष्क्रिय होते हुए भी सक्रिय होता है। मतलब अगर वो कहीं किसी आलमारी में पड़ा पड़ा जंग खा रहा हो तो भी अपना काम करता रहता है उसकी मौजूदगी ही शत्रुओं के बुरे और कुत्सित विचारों को नष्ट करने के लिए काफी होती है ।

2. दुनिया में अशांति इसलिए है क्योंकि सज्जनों ने शस्त्रों का त्याग कर दिया है और दुर्जन सदैव की तरह शस्त्रों से लैस हैं यही वजह है कि दुर्जन हावी हैं और धरती पर अनाचार फैलता जा रहा है'

3. दुनिया को दो हिस्सों में बांटा जा सकता है एक जिनके पास शस्त्र होता है और दूसरा जिनके पास शस्त्र नहीं होता है। जिनके पास शस्त्र होता है वो सदैव निडर और वीर बने रहते हैं और जिनके पास शस्त्र नहीं होते हैं और वो सदैव भयभीत होते हैं और कायर पुरुष बने रहते हैं

4 जिस घर में अस्त्र शस्त्र होते हैं उस घर की स्त्रियों पर कभी किसी की कुदृष्टि डालने की हिम्मत भी नहीं होती है और जिनके घर में अस्त्र शस्त्र नहीं होते हैं। उनकी स्त्रियों के साथ राह चलते छेड़खानी होती है लव जिहाद जैसी घटनाएं होती हैं और वो सदैव थाने के चक्कर ही लगाते रह जाते हैं। उन्हें बदनामी के सिवाय कभी कुछ नहीं होता है।

5. सत्यमेव जयते... यानी सत्य की ही विजय होती है इस तरह की सूक्तियों के भरोसे बैठने से कोई फायदा नहीं है। . सत्य तो हिंदुओं के साथ ही है फिर उनका पलायन क्यों हो रहा है ? सत्य तो युद्धिष्ठिर के साथ था लेकिन फिर भी वन वन भटकते रहे... जब युद्धिष्ठिर ने शस्त्र उठाया तभी सत्यमेव जयते हुआ । इसीलिए अब कहावतें बदल गई हैं... ये कलियुग है और कलियुग में सदैव शस्त्र मेव जयते होता है. .. यानी जिसके पास शस्त्र होगा उसी की विजय होगी । इसलिए शस्त्र की खरीद करो। अपने पास सदैव शस्त्र रखो ।

6. ज्योतिष के हिसाब से भी ध्यान दें। शस्त्र का मतलब है.. मंगल ग्रह... अगर आपके पास शस्त्र है तो आपका मंगल मजबूत है और अगर आपका मंगल मजबूत है तो आप शत्रुओं पर सदैव विजय प्राप्त करते रहेंगे। इसलिए अपनी भुजाओं को शस्त्रों से मजबूत करें । एक बार अपने हाथ में शस्त्र लेकर देखें। . तब आपको ये महसूस होगा कि देशद्रोही शत्रु चींटियों के समान हैं। शस्त्र का होना ही आत्मविश्वास वर्धक महान मानसिक औषधि है इसका नित्य सेवन करते रहे।

7. राष्ट्र के शत्रुओं की संख्या गिनकर चिंता में मत पडीए. चिंता सदैव इस बात की कीजिए कि आपके पास कितने अस्त्र शस्त्र है। सदैव सुनिश्चित करो कि आपके अस्त्र शस्त्रों की संख्या आपके शत्रुओं की संख्या से ज्यादा हो।

8. जैसा को तैसा जवाब देना सीखें। शिकायत नही करें। शिकायत लेकर किसके पास जा रहे हो। वहां आपको न्याय नही मिलना है।

9. अपनी सुरक्षा की ज़िम्मेदारी खुद लें। कोई सेना... कोई सरकार तुमको बचाने नहीं आएगी... जब तुम पर संकट आएगा तो उस वक्त तुम और सिर्फ तुमको ही उसका सामना करना होगा। तुम्हारे सिवाय कोई तुम्हारी प्राण रक्षा नहीं कर सकेगा ।इसीलिए नियमानुसार शस्त्रों का संचय कीजिये। . सदैव पराक्रमी बने। . सज्जन बने लेकिन कायर नहीं... शस्त्र धारण करके सज्जन बनो तभी आपकी सज्जनता सुशोभित होगी ।

10. उपरोक्त सूक्ति का नित्य पठन करते रहें "कोई सिंह को, वन के राजा के रूप में अभिषेक या संस्कार नहीं करता है । अपने पराक्रम के बल पर सिंह स्वयं जंगल का राजा बन जाता है।

इसलिए अपने स्वाभिमान को जगाएं, अपने आत्मविश्वास को बढ़ाएं, अस्त्र शस्त्र को अपना रक्षक बनाएं, तभी आपकी एवं आपकी सनातन संस्कृति बच पाएगी।

मंत्री सत्यानन्द भोक्ता दर्शन के लिए दुर्गा पूजा पंडाल इटखोरी पहुंचे

अपेम लाइव : इटखोरी

OPPO F19 Pro+ · ©Deepak sharma

माता का दर्शन करते मंत्री व अन्य

राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने सिमरिया विधानसभा के इटखोरी प्रखंड के इटखोरी चौक स्थित दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचे। इसके उपरांत मंत्री ने माता के समक्ष मत्था टेककर जिले एवम राज्य के हरियाली खुशहाली की कामना की ।पूरे जिलेवासी को दुर्गा पूजा की बधाई व शुभकामनाएं दी। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, राजद जिला प्रवक्ता दिनेश दांगी, मंटू दांगी भरत रजक प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक साहू, बिरेन्द्र दास,प्रदीप ठाकुर राजू दांगी समेत सैकड़ो गणमान्य मौजूद रहे।

माता वैष्णों देवी का दर्शन कर अपने गांव पहुंचे किशुन यादव, करियातपुर पूजा कार्यक्रम में हुए शामिल

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित / धनंजय कुमार

बरही पूर्वी के भावी जीप उम्मीदवार सह भाजपा ओबीसी मोर्चा उतरी छोटानागपुर प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव माता वैष्णों देवी का दर्शन कर अपने घर लौट आए हैं। लौटकर उन्होने अपने माता पिता का आर्शीवाद लिया। वापस लोटने पर उन्होने करियातपुर दुर्गा पंडाल पहुंचकर पूजा अर्चना कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होने कहा कि बरही पूर्वी भाग की जनता की सुख समृद्धि को लेकर माता वैष्णव से कामना किया है। मौके पर भीम केशरी, अनिल, केशरी, दिलीप कुशवाहा, चंदन,केशरी, संतोष प्रजापति, टिंकू भगत एवं विनोद भगत मुख्य रूप से मौजूद थे।

चौपारण के समाजसेवी शाहिद अख्तर उर्फ फोनी बाबू के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित / धनंजय कुमार

चौपारण के जाने–माने समाजसेवी एवं उद्यमी शाहिद अख्तर उर्फ फोनी बाबू के जनाजे में लोगों का जन सैलाब उमड पड़ा। जिससे बुधवार सुबह कुछ देर के लिए चौपारण जीटी रोड पूरी तरह से जाम हो गया। मालूम हो कि हजारों लोग उनके जनाजे में शामिल हुए। जिसमें सभी दलों के लोग एवं समाजसेवी के साथ–साथ अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए, जो बस स्टैंड स्थित उसके घर से चौपारण कब्रिस्तान शामिल रहे। जहां हजारों लोगों के बीच उन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया। मालूम हो की फोनो बाबू पिछले एक महीने से गंभीर बीमारी से ग्रस्त थे। जिन्हें हैदराबाद के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। जहां बीते मंगलवार को उनके इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर के साथ बरही विधायक पुत्र रविशंकर अकेला, बरकठ्ठा विधानसभा के राजद सीट से जनाब खालिद खलील, आजसू के केंद्रीय सदस्य जनाब रफीक अनवर, झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव जनाब रुस्तम अली, अजय राय, जिला परिषद प्रतिनिधि मो कयूम, बरही प्रखण्ड अध्यक्ष मो इक़बाल रज़ा, मीडिया प्रभारी सह विधायक प्रतिनिधि वन एवं पर्यावरण विभाग मो तौ. कीर रजा, हाजी मतीनूल हसन, फ़०ल्टन ख़ान, शौकत खान, नकीब खान, मतीन खान, अलाउदीन खान, मो हेलाल अख़्तर, मो शम्मा अख़्तर, मो प्रवेज, मो इस्लाम, बैजू गहलोत, शंकर यादव, मो रिजवान, मो सफाल, इमरान खान, रेवाली पासवान, मो जमाल, मो समीम, मो कलीम, पप्पू असलम, अशोक सिंह, जमाल, शरीफ तस्लीम, मो कौशर, मो आफताब सहित हज़ारों लोग शामिल थे।

☎ 8809224003
Keshri Electronic
Patna Road, Barhi
Email ID :- kp_keshri@yahoo.co.in
PAN No. :- BRRPA7461G
Owner - Priyanka
बरही में पहली बार
मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों एवं फर्नीचर पर फाइनांस की सुविधा।
*0% ब्याज EMI
BAJAJ FINSERV

Mahindra
INSURANCE BROKERS
(Mahindra Group Company)
SAJHEDAARI
vikas mein bhagedari
Point of Sales Person (POSP)
POSP Code: P0007934
Mr. Krishna Prajapati
यहाँ पर सभी गाड़ियो का
Motor Insurance Two Wheelers,
Private Car, Commercial Vehicles
(Auto Rickshaw, Truck, Bus, Tractor)
किया जाता है ।
LIC Micro Insurance
&
Health Insurance Available
Add: AT- NEW RAILWAY COLONY GAYA ROAD
BARHI 825405
MO:- 7004315535,9122983300
Our Partners
ICICI Lombard General Insurance
TATA AIG Insurance
Liberty General Insurance
HDFC ERGO
Future Generali Total Insurance Solutions
digit
care Health Insurance
Royal Sundaram General Insurance
Oriental Insurance
New India Assurance
Chola MS General Insurance
सुविधा उपलब्धः–NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

तस्करों ने शराब तस्करी का निकाला नायाब तरीका, पिकअप में बॉक्स बना कर रहे थे तस्करी,उत्पाद विभाग के हत्थे चढ़ा

नकली शराब निर्माण का स्प्रिट, रेपर, स्टिकर, खाली बोतल, जार भी बरामद

अपेम लाइव :चौपारण

किशोर कुमार

पकड़े गए शराब तस्कर

बरामद किए गए अवैध शराब व स्प्रिट

चौपारण प्रखण्ड में अवैध शराब तस्करी का कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। उत्पाद विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जाती है लेकिन उत्पाद विभाग के जाते ही फिर से अवैध शराब तस्करी शुरू हो जाती है। बुधवार की सुबह भी उत्पाद विभाग द्वारा प्रखण्ड के बसरिया पंचायत के बागेश्वरी और बेलाही पंचायत के पंचरुखी में कार्रवाई की गई। जिसमें भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ एक पिकअप वैन व दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस संबन्ध में उत्पाद के अवर निरीक्षक जितेंद्र सिंह व राजीव नयन ने बताया कि एसीई हजारीबाग के निर्देश पर चौपारण थाना क्षेत्र के पंचरूखी व बागेश्वरी में छापेमारी की गयी। जहां पंचरुखी नामक स्थान से एक पिकअप वैन संख्या बीआर 01जीएफ4816 जब्त की गई।पिकअप के छान बिन में अवैध अंग्रेजी शराब एफ/एल-195.24 लीटर (डेनिस, आर-आर, ब्लैक बर्ड) बरामद हुआ। ये सभी शराब उक्त पिकअप में बने एक बड़े ब०क्स में छिपाकर तस्करी के लिए ले जा रहे थे। बाहर से देखने पर बॉक्स पता नहीं चल पा रहा था। वहीं इसमें शामिल दो व्यक्ति भी गिरफ्तार किए गए, जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं बैगेश्वरी नामक स्थान से 130 लीटर स्प्रिट, कारमेल, आईबी लेबल वाले स्टिकर, खाली बोतलें, स्प्रिट की गंध वाले खाली जार और अवैध एफ/एल-25 लीटर जब्त कर आरोपी लखन मुंडा के खिलाफ फरार मामला दर्ज किया गया है।

दुर्गापूजा पंडालों में बह रही भक्तिरस की धारा, भारी संख्या में पहुंच रहे भक्त

दुर्गापूजा की धूम, महागौरी की भक्ति में श्रद्धालु लीन, माहौल बना भक्तिमय

अपेम लाइव : टाटीझरिया

राजकुमार

पंडाल में लगे श्रद्धालुओं के भीड़

टाटीझरिया। नवरात्र की अष्टमी को दुर्गा मंदिरों में मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की आराधना की गई। टाटीझरिया, झरपो और कोल्हू के पंडालों में मां का पूजन-अर्चना करने के लिए श्रद्धालु दिनभर पहुंचते रहे। पूरे दिन मंदिरों में गहमागहमी के बीच मां का जयकारा गूंजता रहा। इस बीच उपवास रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया गया। वहीं बने दुर्गा पंडालों में मां के दर्शन के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में लोगों के आने से देर शाम तक मेला जैसा दृश्य रहा। भक्तों के जयकारे तथा भक्तिगीतों के कैसेटों के बजने से वातावरण भक्तिमय हो गया है। वहीं दस दिनों से हो रहे श्री दुर्गा पाठ का आज नौंवे दिन समापन हो जाऐगा। टाटीझरिया, झरपो और कोल्हू मंडप में दुर्गा अष्टमी का पूजन-अर्चन करने के लिए भक्तों की भीड़ सुबह से लगने लगी थी। भक्तों ने विधि-विधान से देवी पूजन किया। इस दौरान भक्तों ने सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वाथ सा. धिके, शरंये यिंबके गौरी, नारायणी नमोस्तुते, या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमा. `नमः...आदि मंत्र से माहौल भक्तिमय बना रहा। टाटीझरिया, झरपो और कोल्हू में दुर्गापूजा के आयोजन में पूजा कमेटी के सदस्य लगे हुए हैं।

लायन्स क्लब ऑफ हजारीबाग रोअरिंग ने पूजा पंडाल में किया मास्क वितरण

अपेम लाइव : टाटीझरिया

राजकुमार

Lions Club
of
Hazaribagh Roaring
District - 322 A, Club no. 144378
लायंस क्लब के सदस्य

लायन्स क्लब ऑफ हजारीबाग रोअरिंग की ओर से टाटीझरिया दुर्गापूजा पंडाल में मास्क का वितरण किया गया। मास्क वितरण कर रहे क्लब के सदस्यों ने लोगों में कोरोना महामारी को लेकर जागरुकता प्रदान करने के लिए मास्क वितरण कार्यक्रम किया। इसी क्रम में लायन्स क्लब के राजमोहन वर्मा, बिनोद रजक, मदन यादव, आलोक कुमार, संझलू हांसदा, यशवंत कुमार, सतीश कुमार ने उत्साहपूर्वक कोरोना बीमारी से बचाव के लिए मास्क ही कवच कहते हुए है मास्क का वितरण किया। इस दौरान पूजा करने पहुंचने वाले सैकडों श्रद्धालुओं को मास्क दिया गया।

APEM LIVE

टाटीझरिया के भराजो में हाथी के हमले से पिता-पुत्र हुए घायल, पिता की स्थिति गंभीर

अपेम लाइव : टाटीझरिया

राजकुमार

टाटीझरिया प्रखंड के भराजो में मंगलवार की रात झुंड से भटका एक हाथी गांव पहुंचकर पिता-पुत्र को घायल कर दिया है। जानकारी के अनुसार हाथी अचानक रात 9 बजे दारू में दुर्गापूजा पंडाल में उत्पात मचाने के बाद टाटीझरिया के भराजो पीपरासोती आ पहुंचा। वहां अपने खेत में पानी पटवन कर रहे तालेश्वर महतो (45 वर्ष) एवं पुत्र सूरज कुमार (20 वर्ष) पर हमला कर घायल कर दिया। किसी तरह पिता-पुत्र भागकर अपना जान बचाया। इसमें पिता तालेश्वर महतो गंभीर रूप से घायल बताये जा रहे हैं जिसका ईलाज रांची रिम्स में चल रहा है। वहीं उसके पुत्र सूरज का ईलाज हजारीबाग अस्पताल में चल रहा है। जिसकी स्थिति सामान्य है। जब रात में हाथी आने की और हमला करने की सूचना ग्रामीणों को मिलती है तो लोग एकजुट होकर हाथी को भगाने और घायल पिता-पुत्र को ईलाज के अस्पताल भेजा। पीडित के भाई रघुनंदन प्रसाद का कहना है कि घर का आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। पूरा परिवार खेतीबाड़ी कर अपना जीवनयापन करते हैं। सहयोग से किसी तरह से ईलाज कराया जा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से ईलाज के लिए सहयोग करने की बात कही है। ग्रामीणों ने बताया कि अपने झुंड से भटका हुआ यह एकलौता हाथी काफी आक्रमक हो गया है। इससे पहले यह हाथी हजारीबाग जिले के कई प्रखंडों में भी काफी उत्पात मचा चुका है।

ढाब में फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन, थाम बना विजेता

खेल के विकास के लिये केंद्र सरकार कृतसंकल्पित : अन्नपूर्णा देवी

अपेम लाईव : चंदवारा

धीरज कुमार

खिलाड़ियों के साथ अतिथि गण

प्रखंड के ढाब खेल मैदान में क्रांति क्लब ढाब द्वारा आयोजित नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच आरागारो बनाम थाम के बीच खेला गया। निर्धारित 30-30 मिनट के मैच में दोनों टीमें बराबर रही। अंत में पेनाल्टी शूटआउट के जरिए थाम की टीम एक गोल से जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। वहीं टूर्नामेंट में विशेष खेल का प्रदर्शन करने आए रांची व जमशेदपुर की बालिका टीम ने अपने खेल कौशल से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। टूर्नामेंट के समापन पर आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मौजूद कोडरमा की सांसद व केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विशिष्ट अतिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, प्रमुख लीलावती देवी, जिला परिषद सदस्य अमृता सिंह ने संयुक्त रूप से विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि फुटबॉल बहुत ही लोकप्रिय खेल है। उन्होंने कहा कि कोड. रमा में खेल प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्होंने खेल के विकास में हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिलाया। वहीं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि क्षेत्र में फुटबॉल की लोकप्रियता दिनोदिन बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि खेल से मानसिक व शारीरिक विकास होता है। मौके पर खांडी मुखिया किरण देवी, आरागारो मुखिया महेंद्र यादव, पि. पराडीह मुखिया धीरज कुमार, सांसद प्रतिनिधि चंद्रभूषण साव, मनोज साव, पूर्व विधायक प्रति. निधि लक्ष्मण प्रसाद यादव, अशोक सिंह, धनन्जय सिंह, युवा नेता कृष्णा यादव, भाजपा नेता बीरेंद्र यादव, विजय यादव, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राणा, सुरेश यादव टूर्नामेंट के अध्यक्ष प्रदीप यादव, सचिव महेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष विनोद यादव, उपाध्यक्ष मनीष कुमार, संयोजक कुलदीप यादव, कप्तान रवि कुमार, कपिलदेव यादव, विकास यादव, राजकुमार दास, रामविलास यादव, नरेश यादव, दिलीप यादव, प्रमोद यादव, ईश्वर यादव, रीतलाल रजक आदि मौजूद थे। टूर्नामेंट में निर्णाय की भूमिका नागेश्वर राणा, परशुराम राणा व भूली कुमार ने निभाई।

कंडाबेर माता स्थान मे ही जन चौपाल लगा रही है विधायक अंबा

मंदिर परिसर मे ही ग्रामीणों की समस्या का निदान, योजनाओं का चयन और संपादन

अपेम लाइव : बड़कागांव

जन चौपाल करती विधायक अंबा प्रसाद

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद कंडाबेर माता स्थान में पूजा पाठ करने के उपरांत ग्रामीणों की समस्याओं को चौपाल के माध्यम से सुन रही हैं और उन समस्याओं का निदान करने का प्रयास कर रही हैद्य अंबा प्रसाद मां अष्टभुजी मंदिर से ही क्षेत्र भ्रमण कर रही है। विधायक क्षेत्र की जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनते हुए व्यापक क्षेत्र भ्रमण कर ग्रामीणों के उत्थान और विकास के लिए उनकी मांग पर योजनाओं का चयन कर रही हैं जिसे विधायक मद, डीएमएफटी, जिला योजना और विभिन्न विभागीय मद के माध्यम से संपादित किया जाएगा। मां अष्टभुजी मंदिर प्रांगण मे लगे जनता दरबार के दौरान ग्रामीणों के द्वारा काफी समस्याओं को फरियादियों ने विधायक जी के समक्ष रखा जिस पर विधायक अंबा प्रसाद ने यथाशीघ्र त्वरित निष्पादन करने का कार्य किया गया मौजूद ग्रामीणों ने एक स्वर में माता स्थान का विकास करने एवं सौंदर्यकरण की दिशा में पहल करने हेतु मांग की जिस पर अंबा प्रसाद ने बताया कि माता स्थान मंदिर के समुचित विकास हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है, बहुत जल्द सुंदरीकरण का कार्य शुरू होगा। विदित हो कि विधायक अंबा नवरात्रि के दौरान व्रत में है तथा फलाहार पर रहने के दौरान लगातार पूजा पाठ करते हुए क्षेत्र के खुशहाली एवं सुख शांति हेतु कामना कर रही है। कंडाबेर माता स्थान में ही सुबह-सुबह जनता दरबार लगाया जा रहा है एवं जनता की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया जा रहा है।